तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली, मुजफ्फरपुर

**डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विष्वविद्यालय,पूसा**

**समस्तीपुर 848 125 बिहार**


सूचना संख्या–...557........../ति0कृ0महा0, ढोली, दिनांक– 11/12/2025

# नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ति0कृ0महा0, ढोली के अंतर्गत विभिन्न विभागों में यथा बागमति छात्रावास (छात्र), बागमति छात्रावास (छात्रा) ,गोमति छात्रावास (छात्रा) एवं विद्युत शाखा के भंडारों में अवस्थित अनुपयोगी एवं बेकार पड़े सामानों की नीलामी हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत विवरणी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या विश्वविद्यालय के बेवसाईट (https://www.rpcau.ac.in)/ पर उपलब्ध विहित प्रपत्र को पूर्ण रूप से भर कर प्रत्येक निविदादाता को जमानत राशि के रूप में रु0 49100.00 (उन्नचास हजार एक सौ ) मात्र का बैंक ड्राफ्ट अधिष्ठाता, ति0कृ0महा0, ढोली, मुजफ्फरपुर–843121 के नाम से जो कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, ढोली शाखा में भुगतेय होगा निविदा पत्र के साथ **दिनांक 20.12.2025 को 05.00 बजे अपराह्न तक सिर्फ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अधिष्ठाता, ति0कृ0महा0, ढोली के कार्यालय में प्राप्त हो जाना चाहिए।** प्राप्त निविदा 22.12.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में समिति सदस्यों के समक्ष अधिष्ठाता, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली के कक्ष में खुलेगी। निविदा स्वीकृति के उपरांत निविदा की सम्पूर्ण राशि नियमानुकूल जी0एस0टी0 सहित चौबीस घंटे के अंदर सफल निविदादाता को अधिष्ठाता कार्यालय में नकद/बैंक ड्राफ्ट के द्वारा जमा करने के उपरांत ही एक सप्ताह के अंदर सभी सामान उठा लेना अनिवार्य होगा, अन्यथा जमानत की राशि जब्त करते हुए उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी।

1. सफल निविदादाता को छोड़ कर शेष सभी निविदादाताओं को जमानत राशि से संबंधित बैंक ड्राफ्ट निविदा समाप्ति के तुरन्त बाद उन्हें वापस कर दिया जायेगा।
2. समिति के पास किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा पत्र उपरोक्त बेवसाईट (https://www.rpcau.ac.in)/ से दिनांक 12.12..2025 से 20.11.2025 तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा पत्र महाविद्यालय सूचना पट्ट पर भी उपलब्ध रहेगी।
3. पूर्ण रूप से भरा हुआ निविदा पत्र जमानत राशि से सबंधित बैंक ड्राफ्ट सहित निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से दिनांक 20.12.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक अधिष्ठाता, तिरहुत कृषि महाविद्यालय ढ़ोली, पोस्ट – डी0ए0सी0 ढोली, जिला – मुजफ्फरपुर, पिन – 843121 (बिहार) के कार्यालय में निश्चित रूप से पहुँच जाना चाहिए। निर्धारित अवधि/समय के बाद प्राप्त कोई निविदा पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, के किसी भी शाखा से निर्गत ड्राफ्ट ही स्वीकार किया जाएगा। अन्य बैंकों से निर्गत बैंक ड्राफ्ट अमान्य होगा।
5. जिन निविदादाताओं के निविदा पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में ससमय प्राप्त होंगे उन्हें निविदा खुलने की तिथि को उपस्थित रहना अनिवार्य होगा, वरना समिति सदस्यों द्वारा उनके निविदा पत्र को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
6. ति०कृ०महा०,ढोली/रा०प्र०कें०कृ०वि०,पूसा से सम्बद्ध किसी भी ईकाइ के कर्मचारी अथवा रक्त सबंधी इस नीलामी में भाग नहीं ले सकते हैं।

कृ०पृ०उ०

तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली परिसर के छात्र छात्रावास, बागमति छात्रावास (छात्रा), गोमति छात्रावास छात्रा) एवं विद्युत शाखा के भंडारों में नीलामी होने वाले सामानों को दिनांक 12.12. 2025 से 20.12.2025 तक कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

नीलामी किसी भी समय अकारण स्थगित अथवा रद्द करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित है।

अधिष्ठाता
ति0कृ0महा0, ढोली

दिनांक– 11 / 12 / 2025

ज्ञापांक– 557 / ति0कृ0महा0, ढोली,

प्रतिलिपि–संबंधित विभागाध्यक्ष, ति0कृ0महा0,ढोली, को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त नीलामी की सूचना सर्वसाधारण को अपने स्तर से भी सूचित करने हेतु सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने की कृपा की जाए।

अधिष्ठाता
ति0कृ0महा0, ढोली

दिनांक 11 / 12 / 2025

ज्ञापांक– 557 / ति0कृ0महा0, ढोली,

प्रतिलिपि–प्रभारी पदाधिकारी, ई–गवर्नेंस सेल, मुख्यालय, डॉ0रा0प्र0के0कृ0वि0, पूसा को उक्त नीलामी सूचना विश्वविद्यालय के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अधिष्ठाता
ति0कृ0महा0, ढोली

कार्बन प्रति–कुलपति के सचिव, को माननीय कुलपति, डॉ.रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।